## सार-समाचार

### 'ग्राम रथ' अभियान शुभारंभ आज से

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा राज्यभर में किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु 'ग्राम रथ अभियान' की शुरुआत की जा रही है। आगामी दिनों में प्रस्तावित राजस्थान एग्रोटेक मीट के मद्देनजर प्रारंभ किया जा रहा यह अभियान सोमवार से शुरू होकर 15 दिनों तक चलेगा। राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम जयपुर स्थित एचसीएम रीपा से किया जाएगा, जहां से मोबाइल वैन 'ग्राम रथ' को रवाना किया जाएगा। इसके बाद 28 अप्रैल से जिलेवार निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ये रथ विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर गांव-गांव जागरूकता फैलाएंगे। जिला स्तर पर ग्राम रथ अभियान को सफल बनाने के लिए जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में व्यापक तैयारियां की गई हैं। अभियान के दौरान रथ विधानसभा वार निर्धारित रूट के अनुसार गांव-गांव भ्रमण करेंगे। इस दौरान एलईडी स्क्रीन युक्त मोबाइल वैन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों को सीधे लाभकारी जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री का संदेश और संवाद भी एलईडी के जरिए प्रसारित किया जाएगा। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उपखंड अधिकारी जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला कलेक्टर एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी एलईडी स्क्रीन पर संदेशों के प्रसारण की निगरानी करेंगे। प्रत्येक दिन के कार्यक्रम का सत्यापन स्थानीय सरपंच, सचिव या संबंधित अधिकारी से करवाया जाएगा। रथों में सुझाव पेटिका रखी जाएगी, जिसमें ग्रामीणों के सुझाव एकत्र किए जाएंगे। सभी रथों की लाइव लोकेशन और फोटो डीओएमएस ऐप पर अपलोड किए जाएंगे। नोडल अधिकारी प्रतिदिन की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में ईमेल के माध्यम से प्रेषित करेंगे।

### कबाड़ की दुकान में आग

**उदयपुर, (का.सं.)।** शहर के तीज का चौक इलाके में रविवार सुबह करीब 5 बजे कबाड़ की दुकान में आग लग गई। दुकान में रखे 2 लाख रुपए भी जलकर राख हो गए। आस.पास के गोदामों सहित करीब 50 लाख का सामान जलकर राख हो गया।अचानक लगी आग से पूरे क्षेत्र में अफरा.तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकल आए।देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आसमान में काले धुंए का गुबार छा गया। आग की लपटेंइतनी तेज थीं कि आसपास के रिहायशी मकानों और अन्य गोदामों तक पहुंचने लगीं।घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाडि़यां मौके पर पहुंचीं। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की शुरुआत कबाड़ गोदाम से हुई जिसके बाद पास स्थित दो अन्य गोदाम भी इसकी चपेटमें आ गए। घटना में भारी मात्रा में माल जलकर राख हो गया।बताया जा रहा है कि एक गोदाम मालिक के करीब 2 लाख रुपए नकद भी आग में जल गए। वहीं दोनों अन्य गोदामों में बड़ी मात्रा में कपड़ों का स्टॉक रखा हुआ था जो कुछ ही देर में पूरी तरह नष्ट हो गया। आग से दुकान और गोदामों के ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है।आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का प्राथमिक अनुमान है कि हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ हो सकता है।आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि उन्होंने आसपास के रिहायशी मकानों और अन्य गोदामों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।स्थानीय लोगों ने पुलिस.प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों के बीचों.बीच इन गोदामों का संचालन कैसे किया जा रहा है?मोहल्ले वासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस तरह की जानलेवा घटनाओं को रोकने के लिए अवैध गोदामों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर।** शहर के समीप नाई थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र नया खेड़ा निचला फला निवासी भगवती पुत्र मोहन गमेती के सूने मकान का 25 अप्रेल को अज्ञात चोर ताला तोड़ कर करीब 2 लाख 50 हजार रूपये नकदी एवं चांदी के जेवरात चुरा ले गए। जिसकी सूची बाद में देने की रिपोर्ट देकर प्रकरण दर्ज करवाया।


### कार से नकदी व जेवर चोरी

**उदयपुर।** हिरणमगरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार से नकदी व जेवरात चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मनीष पुत्र ईश्वरालाल डांगी निवासी बण्डोली डायली ने भरत पटेल, हिंद क्रेन संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 30 नवंबर 2025 को आरोपी सेक्टर 4 से मरी कार क्रेन से ले गए तथा कुछ समय बाद वाप मौके पर छोड़ गए। इस दौरान कार में रखे सोने की दो चेन एवं करीब 2700 रूपये नकदी नहीं मिली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### अवैध शराब से भरी कार जब्त

**उदयपुर।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान करीब तीन लाख पचास हजार रूपये की अवैध शराब से भरी कार जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर एन एच 48 पर नाकबांदी के दौरान कार को रोक तलाशी ली तो उसमें करीब तीन लाख पचास हजार रूपये मूल्य की 29 कर्टन अवैध शराब के मिले।

# गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिया जाना चाहिए : के के गुप्ता



के.के गुप्ता

■ गुप्ता ने कहा कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा में गौ माता को सदैव पूजनीय माना गया है तथा करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रही है

**उदयपुर।** स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता ने देश में गौ संरक्षण और भारतीय संस्कृति के सम्मान को लेकर वक्तव्य देते हुए कहा है कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में प्रत्येक सनातनी भाई-बहन एक जन आंदोलन के माध्यम से एकजुट होकर प्रदेश और देश मैं लंबे समय से चल रही जन आवाज को सरकार तक पहुंचाएं।

गुप्ता ने कहा कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा में गौ माता को सदैव पूजनीय माना गया है तथा करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रही है। गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय जीवनशैली, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि सदियों से गाय को मातृत्व, सेवा, पोषण और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि यदि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाता है तो इससे देशभर में गौ संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। साथ ही निराश्रित गोवंश की समस्या के समाधान, गौशालाओं के विकास और पशुधन संवर्धन को बल मिलेगा। उन्होंने समाज से भी आव्हान किया कि केवल सम्मान की बात करने से नहीं, बल्कि गौ सेवा, गौशालाओं के सहयोग और संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। गुप्ता ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गौ माता को अत्यंत पूजनीय माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गौ माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास बताया गया है। अर्थात अनेक दिव्य शक्तियों और देव स्वरूपों का निवास गौ माता में माना गया है। शास्त्रों में गौ सेवा, गौ रक्षा और गौ पूजन को पुण्यदायी बताया गया है। मान्यता है कि गौ माता की सेवा करने से सुख, समृद्धि, शांति और धार्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। गुप्ता ने स्वच्छता और गौ संरक्षण को एक-दूसरे से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि शहरों और गांवों में सड़कों पर घूमने वाले गोवंश के लिए सुरक्षित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पूर्व में भी यह चिंता जताई थी कि पशुओं को कचरा और प्लास्टिक खाने से गंभीर नुकसान होता है, इसलिए स्थानीय निकायों को बेहतर प्रबंधन करना चाहिए।

गुप्ता ने माता बहनों से भावुक अपील की है कि प्लास्टिक की थैलियां को बाहर खुले में नहीं फेंके, गौ माता इस प्लास्टिक को खाती है और उसकी मृत्यु हो जाती है तथा हम भी इस पाप के भागी बनते हैं। घरों से निकलने वाली प्लास्टिक की थैलियों, पॉलिथीन एवं कचरे को खुले में नहीं फेंकें, क्योंकि सड़क किनारे घूमने वाली गौ माता इन्हें भोजन समझकर खा लेती है। यह प्लास्टिक उनके पेट में जमा होकर गंभीर बीमारी का कारण बनती है और कई बार उनकी दर्दनाक मृत्यु तक हो जाती है। यदि हमारी लापरवाही से वही गौ माता प्लास्टिक खाकर तड़प-तड़प कर मर जाए तो यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। गुप्ता ने मातृशक्ति से अपील करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक घर की महिलाएँ संकल्प लें कि प्लास्टिक खुले में नहीं फेंकेंगी, गीले-सूखे कचरे को अलग रखेंगी तथा भोजन को थैली में भरकर सड़क पर नहीं डालेंगी, तो हजारों गौ माताओं का जीवन बचाया जा सकता है।

# पीएमसीएच के चिकित्सको ने 'सांसों' को फिर से जोड़ा

■ डॉ. मेहता ने बताया कि मरीज की स्थिति बहुत नाजुक थी। हमारे पास सोचने का समय कम और करने को बहुत कुछ था। भारी रक्तस्राव के कारण ब्लड प्रेशर गिर रहा था। अगर सर्जरी में देरी होती तो मरीज की जान भी जा सकती थी

**उदयपुर।** ज़िंदगी और मौत के बीच का फासला कभी-कभी सिर्फ चंद सेकंड का होता है। 56 वर्षीय पुरूष के लिए सोमवार की दोपहर किसी काल से कम नहीं थी, जब लकड़ी काटते समय अचानक इलेक्ट्रिक आरी का कटर उछला और सीधे उनके सीने और हाथ को चीरता हुआ निकल गया। लेकिन कहते हैं न कि 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोय' पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने अपनी निपुणता और तत्परता से पुरूष को मौत के मुँह से बाहर खींच लिया। इस सफल ऑपरेशन में सीटीवीएस सर्जन डॉ.अनुज मेहता, निश्चेतना विभाग के डॉ.समीर गोयल, डॉ.रक्षित, कुलदीप, ललित, संजय एवं परमेश्वर की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दरअसल 56 वर्षीय पुरूष रोजाना की तरह अपने काम में मशगूल था। अचानक एक तकनीकी खराबी हुई और घूमता हुआ ब्लेड (कटर) अपनी धुरी से अलग होकर तेज रफ्तार से पुरूष की ओर बढ़ा। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, आरी उसके बाएं हाथ और छाती के हिस्से को गहरा काट चुकी थी। खून का फव्वारा छूटा और वह वहीं गिर पड़ा।

परिजन जब मरीज को लेकर पीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, तो उसकी हालत देख सबकी रूह कांप गई। शरीर से काफी खून बह चुका था और घाव इतने गहरे थे कि अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंचने का पूरा डर था। सीटीवीएस सर्जन डॉ.अनुज मेहता ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक पल भी नहीं गंवाया। उन्होंने तुरंत सर्जिकल टीम को अलर्ट किया।

इलेक्ट्रिक आरी ने न केवल त्वचा को काटा था, बल्कि मांसपेशियों और रक्त वाहिकाओं को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। लगभग 4 घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन में डॉक्टरों ने न केवल रक्तस्राव को रोका, बल्कि सीने और हाथ की नसों की बारीकी से मरम्मत की।

डॉ. मेहता ने बताया कि मरीज की स्थिति बहुत नाजुक थी। हमारे पास सोचने का समय कम और करने को बहुत कुछ था। भारी रक्तस्राव के कारण ब्लड प्रेशर गिर रहा था। अगर सर्जरी में देरी होती तो मरीज की जान भी जा सकती थी। पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल एवं ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने कहा कि जब कोई मरीज इतनी गंभीर स्थिति में हमारे पास आता है, तो वह केवल एक केस नहीं होता, बल्कि एक परिवार की उम्मीद होता है।

हमारे चिकित्सको ने बिना समय गंवाए त्वरित निणर्य लिया। इस सफल ऑपरेशन ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि पीएमसीएच में न केवल आधुनिक मशीनें हैं, बल्कि संवेदनशील और कुशल डॉक्टरों की एक ऐसी टीम है जो नामुमकिन को मुमकिन बनाने का जज्बा रखती है।

सफल ऑपरेशन के बाद मरीज को अब जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, वह अब खतरे से बाहर है और तेजी से रिकवर कर रहा है। मरीज पूरी तरह से ठीक है और चौथें ही दिन डिस्चार्ज कर दिया गया।

# बढ़ते पर्यटन से घट रहे हैं प्राकृतिक कूलिंग क्षेत्र

**उदयपुर।** पर्यटन व्यवसाय ने पहाड़ियों, झीलों तालाबों, , मिट्टी, हरतिमा को क्षति पहुंचाई है । इन प्राकृतिक कूलिंग क्षेत्रों के घटने से उदयपुर में निरंतर गर्मी बढ़ रह है । यह एक गंभीर स्थिति है। यह चिंता रविवार को आयोजित झील संवाद में व्यक्त की गई। संवाद में डॉ अनिल मेहता ने कहा कि कहीं भी मिट्टी, कच्ची जमीन नही बचीं हैं । डामर , कंक्रीट बहुत मात्रा में सूर्य ताप को अवशोषित कर उसे अपने भीतर बनाए रखते है। इससे सतह और आसपास का तापमान बहुत बढ़ रहा है। अरावली की पहाडि़यों ने रेगिस्तान को बढ़ने से रोक कर रखा है लेकिन पहाड़ियों को निरंतर काटा जा रहा है। उदयपुर में बढ़ती गर्मी पर्यटन विकास के मौजूदा मॉडल का परिणाम है।यदि प्राकृतिक कूलिंग क्षेत्रों को नहीं बचाया गया तो बढ़ता ताप संकट पर्यटन व्यवसाय को ही समाप्त कर देगा।

संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय, यूएनडीडीआर द्वारा हुए विश्लेषण का उल्लेख करते हुए मेहता ने कहा कि गुलाबबाग जैसे बड़े बॉटैनिकल गार्डन तथा झीलों, पेड़ों, हरितिमा के संयोजन से शहर में पांच डिग्री तक कूलिंग हो सकती है। सड़क किनारे के पेड़ और घरों में हरितिमा भी चार डिग्री तक तापमान कम करते हैं। यदि सड़कों का पूरा डामरीकरण, कंक्रीटीकरण नहीं हो तथा घरों, मोहल्लों में भी कच्ची मिट्टी बना कर रखी जाए तो तीन डिग्री तक कूलिंग हो सकती है। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या शहर के वातावरण को खराब कर रही है । होटलों में निरंतर चलने वाले एसी आसपास के क्षेत्रों में तापक्रम को और ज्यादा बढ़ा रहे हैं। पेड़ों और हरित क्षेत्र की कमी, बढ़ते पर्यटन घनत्व और वायु प्रदूषण से दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी गर्मी बनी रहती है। पक्के निर्माणों से शहर 'हीट ट्रैप' में है। भीतरी शहर में तो पर्यटन जनित दुष्प्रभाव सर्वाधिक है । पशु पक्षी भी बेहाल है।

पेराफेरी के गांवों में भी शहरीकरण बढ़ रहा है। रिसॉर्ट व बहुमंजिला निर्माण हो रहे है। वहां भी गर्मी की तीव्रता बढ़ रही है । शर्मा ने कहा कि ऐसे में पर्यटन बढ़ोतरी की महत्वाकांक्षाओं पर पुनर्विचार जरूरी है। कुशल रावल ने छोटे तालाबों में आवासीय व व्यावसायिक निर्माण हो जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि ये छोटे जलस्रोत शहर के तापक्रम का अनुकूलन करते थे।

## जेवरात चोरी करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर।** कुराबड थाना पुलिस ने मोहित ज्वेलर्स दुकान से करीब दो करोड़ के जेवरात चोरी करने के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया। प्रकरण के अनुसार 15 मार्च 26 को पीडित अशोक सोनी पुत्र कालु लाल निवासी कुराबड़ हाल लखारा चौक धामनण्डी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। 14 मार्च को रात में कुराबड़ स्थित मेरी दुकान मोहित ज्वेलर्स का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर करीब दो करोड़ के जेवरात चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने परजिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश परअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी तेजुसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए रामचन्द्र पुत्र काना निवासी देव डूंगरी विजयपुर चित्तोड़गढ, अर्जुन पुत्र रमेश तनिवासी दुधी तलाई विजयपुर चित्तोड़गढ को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए जेवरात में से 6 किलों चांदी बरामद की।

# साहिल हत्याकांड के मुख्य आरोपी नईम व कुंदन अहमदाबाद से गिरफ्तार

■ अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे थे हत्यारे, पुलिस ने दबोचा

**उदयपुर, ।** शहर के घंटाघर थाना क्षेत्र के बिच्छुघाटी इलाके में गत दिनों हुई साहिल उर्फ सुहानी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी नईम व कुंदन को पुलिस ने अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी उस समय पुलिस के हत्थे चढ़ गए जब एक आरोपी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा था और इस दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

घंटाघर थाना पुलिस के थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के अनुसार हिस्ट्रीशीटर नईम उर्फ नईमुद्दीन और हिस्ट्रीशीटर कुंदन को अहमदाबाद के निजी हॉस्पिटल से पकडा गया। नईम के वारदात के समय चोट लग गई थी। वह इन्फेक्शन का इलाज अहमदाबाद में कराने हॉस्पिटल पहुंचा तभी पुलिस ने उसे शनिवार को दबोच लिया। वहीं भनक लगने पर साथी कुंदन हॉस्पिटल में छिप गया था जिसे बाद में पकड़ लिया गया।मामले में तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

पुलिस ने बताया कि युवक साहिल की हत्या के बाद भागते समय आरोपी नईम एक अज्ञात युवक की बाइक से टकरा गया था। इससे उसके प्राइवेट चोट लग गई थी। इसका इलाज कराने वह अहमदाबाद पहुंचा था। वहां से करीब 10 दिन की दवाई लेकर वह गायब हो गया था। इसी बीच पुलिस को यह इनपुट मिला। पुलिस को पूरी संभावना थी कि वह दवा खत्म होने पर इलाज लेने जरूर आएगा। गुजरात की कर्जतथाना पुलिस का सहयोग लिया और हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को आरोपी की फोटो बताकर जाल बिछाया। आरोपी नईम जब इलाज लेने के लिए पहुंचा तभी पुलिस ने उसे और उसके साथी कुंदन को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों को पकड़ने में थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में एएसआई इश्क मोहम्मद और हैड कॉन्स्टेबल सतपाल की मुख्य भूमिका रही। जोएब खान उर्फ अक्कू की 7 अप्रैल को जिशान उर्फ हड्डी से कहासुनी हुई थी। जोएब ने इसकी जानकारी नईम उर्फ नईमुद्दीन को दी। इस पर नईम और उसके साथी कुंदन ने जिशान को फोन कर कहा कि तुम्हारी अक्कू को धमकाने की हिम्मत कैसे हुई। इस बात को लेकर जिशान और साहिल की नईम और कुंदन से लड़ाई हो गई। नईम और कुंदन अपने अन्य साथियों के साथ 7 अप्रैल की देर रात बिच्छू घाटी पहुंचे। जहां साहिल उर्फ सुहानी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। उसके सीने और कमर में चाकू लगा। साहिल बेसुध हालत में जमीन पर गिर गया था। इसके बाद अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने कुल 5 युवकों को आरोपी बनाया था। इससे पहले पुलिस आरोपी गौरव सिंह चौहान उर्फ बिट्टू, मोहम्मद सुहान डायर और जोएब खान उर्फ अक्कू को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी नईम और कुंदन फरार चल रहे थे। कुंदन के खिलाफ विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन और नईम के खिलाफ एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

■ सोनोग्राफी से भ्रूण के जन्मजात दोषों को पहचानने की दी गई प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से 'भ्रूण की सोनोग्राफी और जन्मजात विसंगतियों की पहचान' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य की सटीक निगरानी करना और समय रहते किसी भी संभावित जन्मदोष का पता लगाना था।



**उदयपुर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सोनोग्राफी से भ्रूण के जन्मजात दोषों को पहचानने की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी ।**

कार्यशाला की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यावहारिक दृष्टिकोण रहा। इसमें प्रदेश भर से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी, बल्कि हैंड्स-ऑन और सिम्युलेशन तकनीक के माध्यम से भ्रूण की सोनोग्राफी करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। आधुनिक मशीनों पर डमी और सिम्युलेटर्स की मदद से डॉक्टरों को यह सिखाया गया कि कैसे सूक्ष्म विसंगतियों को बारीकी से पहचाना जा सकता है।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. सुनीता माहेश्वरी ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारा प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि जन्म से पहले ही भ्रूण में होने वाली किसी भी शारीरिक या संरचनात्मक खराबी का पता लगाया जा सके। यदि समय रहते जन्मजात दोषों की पहचान हो जाती है, तो उनके उपचार या प्रबंधन की योजना पहले से बनाई जा सकती है, जिससे शिशु के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होता है और मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलती है।'

पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि पेसिफिक मेडिकल कॉलेज न केवल मरीजों को उत्तम और रियायती स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अग्रणी है, बल्कि आगामी पीढ़ी के चिकित्सकों को तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संस्थान भविष्य के डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और अनुसंधान से अवगत कराने के लिए ऐसी उच्च-स्तरीय कार्यशालाओं के आयोजन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि आज के दौर में अल्ट्रासाउंड तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि हृदय, मस्तिष्क और अन्य अंगों की छोटी से छोटी कमी को भी पकड़ा जा सकता है। इस प्रशिक्षण से न केवल उदयपुर बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के चिकित्सकों के कौशल में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और विभाग के अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## सार-समाचार

### अवैध हुक्काबार पर दबीश, दो गिरफ्तार

**उदयपुर।** सुखेर थाना पुलिस ने केफे पर बदीश देकर अवैध हुक्का बार चलाने का खुलासा करते हुए मौके से अवैध हुक्के, तम्बाकु व फ्लेवर व अन्य सामान बरामद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरिवजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर फ्रेन्डजॉन कैफे खारा कुआ 100 फीट रोड पर केफे की आड में अवैध रूप से हुक्का पिलाने की सूचना पर दबीश देकर वहां मौजूद विवेक ठाकुर पुत्र दिनेश ठाकुर निवासी डूडीपुरा थाना ईरादत नगर आगरा युपी हॉल फ्रेंडस कैफे खारा कुआ 100 फीट रोड़ सुखेर द्वारा अवैध हुकका रख आने वाले ग्राहकों को पिलाने पर 2 अवैध हुक्का, हुक्का सामग्री, पांच डिब्बों अलग अलग तम्बाकु फ्लेवर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। अभियान के दौरान दूसरी कार्यवाही राग कैफे 100 फीट रोड़ सिटी लाईट होटल के ऊपर कैफे की आड में हुक्का पिलाने की सूचना पर दबीश दी तथा मौके से सुनिल भगोरा पुत्र राजमल निवासी ओवरा वाघपुरा हाल राग कैफे द्वारा अवैध हुक्का रख कर ग्राहकों को पिलाने पर दो अवैध हुक्के, हुक्का सामग्री तथा 54 डिब्बों में अलग अलग तम्बाकु फ्लेवर जब्त कर प्रकरण दर्ज कर विवेक व सुनिल को गिरफ्तार किया।

### लेकसिटी में भीषण गर्मी, दो दिन से तापमान 42 डिग्री पर

**उदयपुर।** लेकसिटीइनदिनोंभीषण गर्मी की जकड़ में है। आसमान में बादलों की आवाजाही के बाद भी गर्मी कम होने के बजाय और ज्यादा बढ़ गया है।रविवार सुबह 9 बजे ही तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।डबोक स्थित मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 42डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमस और लू ने झीलों की नगरी के बाशिंदों को दोपहर में घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। पिछले 24 घंटों से शहर में गर्मी का असर लगातार तेज बना हुआ है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।शनिवार इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया।महज 24 घंटे के भीतर तापमान में 2.4 डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई जो रविवार को भी यथावत रही । रविवार को सुबह 10बजे के बाद सूरज ने आग उगलनी शुरू कर दी थी और दोपहर होते.होते सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। भीषण गर्मी का असर शहर की सड़कों पर भी साफ नजर आया। आज सुबह 9 बजे ही सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई।बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर लोग छांव में बैठकर सवारी का इंतजार करते नजर आए। तेज धूप से बचने के लिए लोग मास्क और कपड़े से चेहरा ढंककर बाहर निकले। उदयपुरवासियों ने गर्मी को देखते हुए अपनी दिनचर्या में भी बदलाव किया है। लोग सुबह 8 बजे से पहले ही जरूरी काम निपटाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं दोपहर में पेड़ों की छांव और ठंडे पानी के प्याऊ लोगों के लिए बड़ा सहारा बने हुए हैं। मौसम विशेषज्ञ आरएस देवड़ा के अनुसारवर्तमान में श्हीट डोमश् की स्थिति बनी हुई है जिसने पश्चिमी विक्षोभ की नमी को अपनी ओर खींच लिया है।यही कारण है कि आसमान में बादल तो दिखाई दे रहे हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही। इसके उलट उमस बढ़ गई और लू भी चल रही है।देवड़ा ने कहा कि अगले 2 से 3 दिनों में मेवाड़ के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है।

### संत सरोवर में डूबे युवक का शव दूसरे दिन मिला

**उदयपुर ।** जिले के खेरवाडा उपखण्ड स्थित पहाड़ा थाना क्षेत्र में संत सरोवर बड़ा तालाब में एक दिन पहले डूबे युवक का शव 24 घंटे से ज्यादा बीतने के बाद रविवार को मिला । दूसरे दिन रविवार सुबह से रेस्क्यू जारी किया गया जिसमे सुबह 10 बजे सिविल डिफेंस टीम को शव ढूंढने में सफलता मिली। जानकारी के अनुसार नीलकंठ महादेव मंदिर पर दर्शन के लिए आई महिला ने सुबह करीब 9.30 बजे तालाब में युवक को डूबते हुए देखा था। महिला ने तुरंत मंदिर के पुजारी हिम्मत गिरी गोस्वामी को इसकी सूचना दी। पुजारी जब तक मौके पर पहुंचे युवक पानी में डूब चुका था। पुजारी गोस्वामी ने तुरंत पहाड़ा थाने को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही पहाड़ा थाना अधिकारी उम्मेदीलाल मीणा जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को तालाब के किनारे युवक के पेंट,शर्ट और जूते पड़े मिले थे।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/774 दिनांक : 23.4.2026

**-: आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टा शुद्वा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री पियुष लोढा पिता श्री सम्पत लाल लोढा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षेत्रफल-42315.03 वर्गफिट, त्रिनेत्र सर्कल, उपली ओडन, नाथद्वारा | भूखण्ड श्री शिवशंकर पुरोहित | भूखण्ड मिराज कम्पनी | अन्य भूखण्ड | एनएच 08 रोड |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/771 दिनांक : 23.4.2026

**-: आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टा शुद्वा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती रिमिशा लोढा पत्नि श्री पियुष लोढा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षेत्रफल-11085 वर्गफिट, त्रिनेत्र सर्कल, नाथुवास, नाथद्वारा | भूमि श्री जैनम एवं भूखण्डश्री शिवशंकर पुरोहित | अन्य भूखण्ड | 120 फिट रोड | भूखण्ड श्री पियुष जैन |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय ग्राम पंचायत कदमाल, पंचायत समिति बडगॉव, जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः- ग्रा.प.क./26-27/15 दिनांक- 24.4.2026

**-: ई निविदा सूचना- 01/2026-27 :-**

ग्राम पंचायत कदमाल में महात्मा गांधी नरेगा/विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनान्तर्गत करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 4.5.26 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in वeproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2627WSOB00401

प्रशासक, ग्राम पंचायत-कदमाल, पं.स.-बड़गाँव, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-कदमाल, पं.स.-बड़गाँव, जिला-उदयपुर